तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 29 दिसंबर 2025

11 बालोद में धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्थाओं से किसान...

12 ग्राम मोहंदी पाठ में विशाल हिंदू सम्मेलन, 27 गांवों से...




## खैरवाही में आधुनिक तकनीक से कुसुम की खेती, किसान टूम्मन बने प्रेरणास्त्रोत

### आधुनिक उपकरणों के उपयोग से खेती हुआ अधिक लाभदायक और आसान भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डोंडी

ग्राम खैरवाही के प्रगतिशील किसान टूम्मन चिंदा ने आधुनिक कृषि तकनीक अपनाकर ग्रीष्मकालीन धान की जगह कुसुम की बुवाई कर नई मिसाल पेश की है। उन्होंने सीड ड्रिल मशीन की मदद से लाइन टू लाइन विधि द्वारा कुसुम की बुवाई की, जो क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही है।

- कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने दी तकनीकी मार्गदर्शन और महत्वपूर्ण सुझाव

कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में किए गए इस प्रयास का उद्देश्य किसानों को अधिक वैज्ञानिक और लाभकारी खेती की ओर प्रेरित करना है। वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने बुवाई के दौरान खेत का निरीक्षण किया और फसल प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि लाइन टू लाइन पद्धति से पौधों को पोषक तत्व समान रूप से प्राप्त होते हैं, जिससे फसल का विकास बेहतर होता है। इसके साथ ही निराई-गुड़ाई, सिंचाई और उर्वरक प्रबंधन पहले की तुलना में सरल और प्रभावी हो जाता है, जिससे उत्पादन बढ़ाने की संभावना अधिक रहती है। कृषि विभाग ने कहा कि आधुनिक उपकरणों और तकनीकी सहयोग के माध्यम से खेती अब अधिक वैज्ञानिक, लाभदायक और कम मेहनत वाली हो रही है। उन्होंने क्षेत्र के अन्य किसानों से भी आधुनिक और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की अपील की।



**ये रहे उपस्थित**

इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की गति तेज हुई है। खैरवाही की इस सफलता ने अन्य गांवों के किसानों के लिए भी प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। इसी तरह ग्राम मलकुंवर में भी गोकुल पटेल ने कुसुम की कतारबद्ध बुवाई कर यह कदम आगे बढ़ाया। इस अवसर पर पवन कुमार यदु (वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी), चुम्मन लाल हिरवानी (कृषि विकास अधिकारी), डिकेंद्र सिंह वर्मा और युवराज राजपूत (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद**। मोटर साइकिल से पत्नी के लिए दवाई लेकर आ रहे व्यक्ति को ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे व्यक्ति घायल हो गया। जिसके बाद घायल व्यक्ति के भाई ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बोरतरा निवासी डोमार मण्डावी ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर को मेरा छोटा भाई ग्राम बोरतरा थाना गुरूर निवासी सोहन मण्डावी पिता केश कुमार मण्डावी 39 वर्ष जो अपनी पत्नि के उपचार हेतु दवाई लेकर वापस अपने घर ग्राम बोरतरा आ रहा था शाम को एनएच 930 मार्ग मे ग्राम कुम्हारखान पहुचा था तभी सामने गुरूर की ओर से आ रही ट्रक सीजी 19 बीजे 4265 का ने मोटर साइकिल सीजी 05 यू 5790 को सामने से जोरदार ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे सोहन मण्डावी अपने मोटर साइकिल सहित रोड़ पर गिर गया, एक्सीडेन्ट होने से सोहन मण्डावी का जबड़ा, बांये पैर के घुटना एवं घुटना के नीचे चोट आया है व मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया है। राहगिरों की सहायता से एम्बुलेंस से उपचार हेतु सीएचसी गुरूर ले जाकर भर्ती किये व घटना की जानकारी देने पर मैं तत्काल सीएचसी गुरूर पहुंचा जहां डाक्टर द्वारा रिफर करने पर मै अपने भाई सोहन मण्डावी को उपचार हेतु अस्पताल धमतरी में भर्ती किया हूं।

### युवक के साथ की गाली गलौज व मारपीट, तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद**। पुरानी रंजीश के चलते गांव के पुलिया के पास बैठे व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पड़कीभाट थाना सनौद निवासी तामेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि 26 दिसंबर को शाम को दुकान के सामने पुलिया में गांव के गणेश्वर निषाद के साथ बैठा था तभीघनश्याम साहू, अर्जुन साहू एक साथ मोटर साइकिल में मेरे पास आया और घनश्याम फोन लगाकर अपनी मां अनुपा बाई को बुलाया फिर तीनों पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर धमकी देते हुए अनुपा बाई ने डण्डा से मेरे बायां हाथ कोहनी में व घनश्याम साहू ने हाथ में रखे हेलमेट से मेरे सिर, मुंह में तथा अर्जुन साहू ने हाथ मुक्का पीठ में मारपीट कर चोट पहुंचाये हैं, जिससे मेरे बायां हाथ कोहनी कट गया है तथा मुंह के पास कट गया है, दर्द हो रहा है। मारपीट करने से मेरी मां लक्षणी बाई बीच बचाव की है।

### ग्राम कोचवाही में मड़ई आज

**गुरूर**। ग्राम कोचवाही में आज मंड़ई का आयोजन किया गया है। रोहित यादव एवं ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर ने बताया कि रात्रि ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए मयारु मोर छत्तीसगढ़ी नाचा पाटएँ का कार्यक्रम आयोजित की गई है।

### ट्रैक्टर के पहिए और बैटरी समेत कीमती सामान चोरी

**बालोद**। खलिहान में रखे ट्रैक्टर के इंजन के दोनों पहिया व बैटरी, साइलेंसर, सेल्फ, एयर क्लिनर को चोर चोरी कर ले गया। जिसके बाद किसान द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भिरई थाना सनौद निवासी कमलनारायण साहू पिता देवसिंह साहू 38 वर्ष ने पुलिस को बताया कि प्रतिदिन की तरह घर ब्यारा अंदर में हाइड्रोलिक ट्रेक्टर सीजी 05 एजे 3511 व ट्रेक्टर ट्राली को अलग अलग खड़ा कर रखा था, ब्यारा के लोहे के गेट में बाहर से ताला लगा दिया था। 24 दिसंबर को शाम 07 बजे खड़ा हुआ ▸▸ शेष पेज 11 पर

### उपलब्धि : किसानों की एकजुटता से संभव हुआ सुचारू धान विक्रय

## खुंदनी सेवा सहकारी समिति बनी मिसाल 1198 किसान टोकन विवाद से मुक्त









हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

विकासखण्ड की सेवा सहकारी समिति खुंदनी में धान विक्रय के लिए टोकन कोई समस्या नही है। यहां के 1198 किसान टोकन कटाने की समस्या से मुक्त है। यहां के किसान ऑनलाईन टोकन भी नही काटते सभी ऑफ लाईन टोकन ही लेते है, ऑफलाईन टोकन के लिए वे लाईन नही लगाते, रात जागरण नही करते, कही कोई विवाद नही होता, ऑफलाईन टोकन के लिए चोरी छिपे टोकन देने की शिकायत नही होती है। सभी किसानों को पता है उनका धान कब बिकेगा।

यह विवाद रहित टोकन व्यवस्था शासन प्रशासन ने नही बल्कि समिति के पांचो ग्रामो के 1198 किसानों ने मिलकर की है। यहां सभी किसानों को पता है कि उनके धान विक्रय का समय कब है। इसलिए किसान उसके अनुसार तैयारी करता है।

- किसानों की पहल से सफल व्यवस्था, खुंदनी समिति में चार साल से विवाद शून्य

समिति प्राधिकृत अधिकारी मिथलेश साहू बताते है समिति मे पांच ग्राम खुंदनी, नरबदा, सरबदा, अकलवारा एवं खोरदो सम्मिलित है। पांचो ग्रामो के ग्रामीण बैठकर धान विक्रय की व्यवस्था तय करते है। ग्रामीण व्यवस्था अनुसार हम धान क्रय करते है। यदि किसी के घर मे कोई आपात स्थिति आ जाती है तो उस ग्राम के प्रमुख की सहमति के बाद उस किसान के धान को नियत तिथि से पहले भी क्रय कर लेते है।

समिति प्रबंधक चेतन साहू ने बताया पांचो ग्राम के किसान अपने ग्रामों के किसानों की सूची क्रम से लिखकर समिति में देते है, उसी क्रम में धान क्रय किया जाता है।

सरपंच ग्राम पंचायत खुंदनी विशाल दीवान ने बताया प्रत्येक ग्रामो के किसान अपने ग्रामो में सामुहिक बैठक कर लाटरी सिस्टम से किसानो की सूची तय करते हैं। सभी किसान उसे मानते है।

ग्राम खुंदनी के किसान महेन्द्र साहू ने कहा सभी सामुहिक निर्णय लेकर किसानो के क्रम तय करते है। उस आधार पर हमे पता है कि हमारा नंबर कब आएगा उस अनुसार हम धान बेचने की तैयारी करते है।

ग्राम दियाबाती के किसान खोमन साहू ने बताया जब बड़े किसान का नंबर पहले आ जाता है तो वह अपने नंबर पर उस छोटे किसान को धान विक्रय की अनुमति देता जिसका बहुत बाद में नंबर होता है, ▸▸ शेष पेज 11 पर

## तामसिंह राष्ट्रीय शिक्षा शिरोमणि मानद उपाधि से हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय विद्यालय कुसुमकसा के तामसिंग पारकर व्याख्याता भौतिक शास्त्र द्वारा विशिष्ट शोध पत्र प्रस्तुत करने पर राष्ट्रीय ' शिक्षा शिरोमणि ' मानद उपाधि से सम्मानित किया गया ,यह सम्मान मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन (अवंतिका) में ब्रह्मलीन मौनीबाबा के 116 वें श्रद्धापर्व के अवसर पर 5 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में श्री मौनतीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन मध्यप्रदेश, एम.डी. एजुकेशन सोसायटी सरायपाली छत्तीसगढ़ व कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी सह सम्मान कार्यक्रम /" शिक्षा शिरोमणि /" रिफ्लेक्ट द पर्सनालिटी ऑफ टीचर्स नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन श्री मौनतीर्थ पीठ चित्रकूट गंगाघाट मंगलनाथ मार्ग उज्जैन में डॉ. पी.आर.वासुदेवन 'शेष' वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (भारत सरकार) के मुख्य आतिथ्य डॉ. नन्दलाल मणि त्रिपाठी 'पीताम्बर' धर्मशास्त्री गोरखपुर (उत्तरप्रदेश) की अध्यक्षता, डॉ. संदीप गाँधी कुलसचिव कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर (छत्तीसगढ़) के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षकों के द्वारा ' ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों की भूमिका ' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान अपने शोध आलेख प्रस्तुत किया गया। तामसिंह पारकर ने शिक्षण कार्य, कुशल प्रबंधन, योजना निर्माण, शिक्षा सुविधा, नेतृत्व , नियंत्रण , के साथ एक सुविधादाता के रूप में एक अच्छे शिक्षक के कर्तव्य व उत्तरदायित्व का निर्वहन विषय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। देश ▸▸ शेष पेज 11 पर

- विशिष्ट शोध पत्र प्रस्तुत करने पर मिली राष्ट्रीय मानद उपाधि

## भाजपा युवा मोर्चा ने किया पूर्व सीएम भूपेश का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाते हुए जय स्तंभ चौक में उनका पुतला दहन किया। भाजपा युवा मोर्चा ने कहा कांग्रेस पाटएँ के कई नेता लगातार सनातन धर्म, साधु–संतों और धार्मिक परंपराओं का अपमान करते रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित



प्रदीप मिश्रा और पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम)का विरोध किया है। टिकरिहा ने कहा कि यह विरोध किसी " क्रिरप्ट" के तहत किया गया प्रतीत होता है।

उन्होंने कहा कि रामसेतु को काल्पनिक बताने से लेकर भगवान श्रीराम पर संदेह जताने तक, कांग्रेस नेताओं का रुख हमेशा से सनातन परंपराओं के विपरीत रहा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनने और आमंत्रण मिलने के बाद भी गांधी परिवार दर्शन करने नहीं गया, यह कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। टिकरिहा ने आगे कहा कि शिवभक्ति और ▸▸ शेष पेज 11 पर

### श्रीमद्भागवत गीता में निहित है जीवन की हर समस्या का समाधान

## ग्राम ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के 9 वें दिन गीता प्रवचन, नौ कन्या भोज, हवन पूर्णाहुति कर समापन हुआ।

संत श्री बल्ला प्रसाद शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता है। श्रीमद्भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व




दुविधा का समाधान मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भागवत गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें सभी ग्रंथों का सार है।

शर्मा ने बताया कि अर्जुन जैसा योद्धा, जो जीवन में बड़े से बड़े निर्णय बिना विचलित हुए लेता रहा,जब अपने ही परिजनों के विरुद्ध युद्ध भूमि में खड़ा हुआ, तो वह मोह में पड़ गया। उसी समय श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए उपदेश मानव जाति का मार्गदर्शन करने वाले बन गए। उन्होंने कहा कि अर्जुन आसानी से मोह ग्रस्त होने वाला व्यक्ति नहीं था। लेकिन ▸▸ शेष पेज 13 पर

### अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए योग शिक्षा कर रहे प्रदान

## 75 वर्षीय तुलाराम ने दुर्ग सांसद खेल महोत्सव में योग में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

सांसद खेल महोत्सव में दुर्ग लोकसभा स्तर पर 30 साल से अधिक उम्र ग्रुप में 75 वर्षीय तुलाराम वर्मा ने मयूर आसन में पद्मासन का हैरत अंग्रेज प्रतिभा का प्रदर्शन कर युवा प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए दुर्ग लोकसभा स्तर पर योग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्रमाण जग जाहिर किया। तुलाराम वर्मा अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय योग खिलाड़ियों के निःशुल्क योग विद्यालय मर्रा के योग गुरु है। तुलाराम वर्मा ने अपनी प्रतिभा से बता दिया

- सांसद खेल महोत्सव में जीत पर योग समिति और संरक्षकों ने व्यक्त किया हर्ष




कि उम्र के बंधन किसी कार्य मे रुकावट नही बन सकता। दुर्ग रविशंकर स्टेडियम में आयोजित सासंद खेल महोत्सव में युवाओं ने 75 वर्षीय तुलाराम वर्मा के योग विद्या को नतमस्तक करते हुए प्रेरणा की अदभुत मिशाल माना। उल्लेखनीय है कि तुलाराम वर्मा ग्राम पंचायत मर्रा के पूर्व सरपंच है और वर्तमान में कृषि महाविद्यालय मर्रा में प्रत्येक शुक्रवार को प्रातः कालीन बेला में कॉलेज के 30 विधार्थियो का योग क्लास लेते है। इस उम्र मे भी अवकाश तो इनकी डिसनरी में नजर ही नहीं आती। योग कला के धनी तुलाराम वर्मा ने बताया कि 2008 में हरिद्वार प्रवास के दौरान योग गुरु बाबा रामदेव का योग सानिध्य मिला। तब से आज तक नियमित योग जारी है,



इसी बीच मर्रा के पुराने विरक्त पड़े स्कूल में योग समिति ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम वर्मा के साथ मिलकर निःशुल्क योग विद्यालय चलाया। जिससे अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय योग खिलाड़ी देश को देने में इस निःशुल्क योग विद्यालय ने गौरवमय इतिहास रचने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि योग प्रकृति अनुरूप जीवन कला सिखाने में महती भूमिका निभाती है। इसलिए उम्र दराज लोगों को भी योग युवा जैसी क्षमता और विचार स्वस्थ रखती है। तुलाराम वर्मा ने कहा ▸▸ शेष पेज 11 पर

## सूने मकान से सोने चांदी व नकदी सहित 1 लाख 95 हजार रुपये की चोरी

**बालोद**। बेटी दामाद से मिलने गए व्यक्ति के घर में सोने चांदी व नकदी सहित चोरो ने 1,95,000 रूपये पर हाथ साफ कर दिये। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम अरजपुरी निवासी प्री मैंट्रिक बालक छात्रवास भंवरमरा में भृत्य तपसी राम भांडेकर ने पुलिस को बताया कि 09 दिसंबर को अपने बेटी दामाद से मिलने मैं और मेरी पत्नी, बेटी के साथ घर मे ताला लगाकर गुजरात गया था। घर के देख रेख के लिए अंकलहीन बाई निवासी नंगूटोला(अरजपुरी) को बोल दिये थे, जो देखरेख करती थी। 23 दिसंबर के सुबह अंकलहीन बाई ने फोन कर बताया कि घर के सामने का दरवाजा टूटा हुआ है तथा पीछे का दरवाजा खुला हुआ है, घर के अन्दर जाकर देखी तो आलमारी व अन्य सामान बिखरा पडा है, उस समय हम लोग गुजरात से ट्रेन मे बैठ चुके थे। करीबन शाम 04:30 बजे मैं अपने घर ग्राम अरजपुरी पंहुचा, तब आकर देखा तो मेरे घर के सामने मेन गेट का ताला लगा हुआ था तथा उसके अन्दर घर के दरवाजा का ताला टूटा हुआ था, घर में रखे ऑलमारी का सामान बिखरा हुआ था, ऑलमारी में रखा हुआ पुरानी इस्तेमाली सोने का मंगलसूत्र 01 तोला, सोने का छोटा लाकेट, 02 सोने को टाप्स लगभग 05 ग्राम, चांदी का पायल एवं छोटा बिछिया, ऐंठी लगभग 15 तोला एवं नगदी रकम 21,000 रूपये को नही था।

## खबर संक्षेप

### चिट्टा सेवन करने वाले अपचारी बालकों समेत 6 गिरफ्तार

**भिलाई।** चिट्टा सेवन करने वाले 6 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि भिलाई तीन स्थित सिरसा भाठा मेहंदी बाड़ी के पास खाली मैदान में कार में बैठकर सिंथेटिक हेरोइन (चिट्टा) सेवन कर रहे कैलाश नगर जामुल निवासी रवेल सिंह, कार चालक गनियारी दिशांत , संगम चौक खुर्सीपार रोहित गुप्ता, सुभाष मार्केट खुर्सीपार ओमकार सिंह उर्फ गोली और दो अपचारी बालक को भिलाई तीन पुलिस को पकड़ा है। आरोपियों के पास से हेरोइन, कैश, मोबाइल, कार सीजी 04 एल डब्लू 6629 को जब्त किया गया। इनके पास से कुल 9.87 लाख रुपए का सामान मिला है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस सिरसा भाठा पहुंची थी, कुछ संदिग्ध युवकों की जानकारी मिली थी। घेराबंदी कर युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कार के भीतर धुआं भरा हुआ था। कार की तलाशी के दौरान अलग-अलग मात्रा में हेरोइन चिट्टा बरामद किया गया। दिशांत से 2.10 मिलीग्राम, रवेल से 6.50 मिलीग्राम, रोहित 0.58 मिलीग्राम, ओमकार 0.51 मिलीग्राम और नाबालिगों से हेरोइन मिला। आरोपी रवेल सिंह और दिशांत अग्रवाल ने बयान में बताया कि यह मादक पदार्थ शेरु नामक व्यक्ति से तेलहा नाला के पास रुपए देकर खरीदा था।

### नेहरू आर्ट गैलरी में कला प्रदर्शनी आज से

**भिलाई।** बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं से प्रेरित आधुनिक सृजन को समर्पित समकालीन कला प्रदर्शनी ह्न्था का आयोजन किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी समकालीन कलाकारों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति, लोक संस्कृति और आधुनिक कला के समन्वय को सशक्त रूप से दर्शाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 29 दिसंबर को शाम 5.30 बजे मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी में चित्रकला, स्केच, मिश्रित माध्यम (मिक्स्ड मीडिया) सहित विभिन्न विधाओं में रचित कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। कला प्रदर्शनी में अनिल खोबरागड़े, अंकिता जेना, योगेश कुमार नेताम, शांति कुमार तिर्की, अभिजीत बागानी, दियांशु देवांगन, डॉ. तरूणा माथुर, जीके निर्मलकर, जयश्री भगवानानी, निकिता साहू, राधिका चौहान, राजिंदर सिंह, रवि यादव तथा वंदना परगनिहा द्वारा निर्मित कृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी प्रतिदिन शाम 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक खुली रहेगी।

### महार-महरा समाज के जिला अध्यक्ष बने शुभम

**उतई।** महार-महरा समाज के वार्षिक परिचय सम्मेलन एवं जिला संगठन में हुए चुनाव में उतई परिक्षेत्र के शुभम सिंह बम्भोले जिला अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए। समाज के प्रमुख अशोक चांद ने बधाई दी। दुर्ग जिले के समस्त परिक्षेत्र ने भी बधाई देते हुए समाज को मजबूती देने बात कही। शुभम सिंह ने समाज को युवा सोच और संगठन को मजबूती देते आगे बढ़ने का संकल्प लिया और शपथ ग्रहण की। जिससे समाज में एकता और सभी क्षेत्रों में मजबूती के साथ आगे बढ़ने, केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ दिशा निर्देश पर समाज के प्रति अपनी विचार व्यक्त किए।

### अटल परिसर का हुआ लोकार्पण

**पाटन।** अटल परिसर लोकार्पण कार्यक्रम 2025 का आयोजन नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में किया गया। वर्चुअल माध्यम से हुए इस कार्यक्रम में राजधानी रायपुर से मुख्मंत्री विष्णु देव साय, अतिविशिष्ट अतिथि डॉ रमन सिंह अध्यक्ष विधान सभा, विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण साव उप मुख्यमंत्री ने की। वार्ड क्र. 01 अटल परिसर पुलिस थाना अमलेश्वर के सामने नव निर्मित अटल परिसर के लोकार्पण में विशिष्ट अतिथि दयानंद सोनकर अध्यक्ष, जीतेन्द्र वर्मा प्रदेश मंत्री भा.ज.पा., नीलम राजेश चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य, हर्षा लोकमनी चंद्राकर जिला उपाध्यक्ष भाजपा आदि उपस्थित थे।

# 20वीं सीनियर राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आगाज

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

वॉलीबॉल एसोसिएशन एससी एवं सीए भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय बीरा सिंह की स्मृति 20वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन वॉलीबॉल कॉम्पलेक्स पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 भिलाई में किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें प्रदेशभर से पुरुष एवं महिला वर्ग की कुल 48 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में महिला वर्ग की 17 तथा पुरुष वर्ग की 31 टीमें शामिल हैं।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि दुर्ग की पावन धरा पर आयोजित यह प्रतियोगिता खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी मेहनत और प्रतिभा के बल पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 8 खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जिनमें महेन्द्र ध्रुव, अब्दुल्ला, पीहू यादव, दीपेश सिन्हा, कोमल मौर्या, संतोष कुमार, रेखा पदम और विनोद नायर शामिल हैं। वहीं वॉलीबॉल खेल में विशेष योगदान देने वाले 6 वरिष्ठजनों कौशल प्रसाद नायक, एसएन नेमा, टीकम दास अंडानी, शंकर लाल यादव, नईमुद्दीप हन्फी एवं राजेश्वर सिंहकुको भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश गागड़ा, उपाध्यक्ष अकरम खान, सचिव हेम प्रकाश नायक, एसोसिएट सचिव विनोद नायर सहित अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## एक दिन में 10,620 टन हॉट मेटल का किया रिकॉर्ड उत्पादन

# बीएसपी ने राउरकेला इस्पात संयंत्र के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा, ब्लास्ट फर्नेस-8 ने रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस -8 ने 26 दिसंबर को एक दिन में 10,620 टन हॉट मेटल का रिकॉर्ड उत्पादन कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही ब्लास्ट फर्नेस–8 ने राउरकेला इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-5 द्वारा स्थापित 10,517 टन के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस उपलब्धि के लिए निदेशक प्रभारी, भिलाई इस्पात संयंत्र चित्तरंजन महापात्र ने ब्लास्ट फर्नेस- 8 का दौरा कर वहां कार्यरत टीम को बधाई दी।

ज्ञात हो कि ब्लास्ट फर्नेस-8 का इससे पूर्व का सर्वश्रेष्ठ एक-दिवसीय उत्पादन 25 दिसंबर 2025 को 10,020 टन दर्ज किया गया था। इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ बीएफ-8, 3000 मीटर क्यूब से अधिक वर्किंग वॉल्यूम श्रेणी के बड़े ब्लास्ट फर्नेसों में, देश का एकमात्र ऐसा ब्लास्ट फर्नेस बन गया है जिसने 3.08 टन प्रति मीटर क्यूब प्रति दिन की बेंचमार्क उत्पादकता हासिल की है। यह उपलब्धि उस स्थिति में प्राप्त की गई है जब फर्नेस अत्यंत उच्च स्लैग दर (500 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल से अधिक) पर परिचालित किया जा रहा था, जो इस प्रदर्शन को और भी अधिक उल्लेखनीय बनाती है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक सीएमएलओ- माइन्स कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक सीएमएलओ- रावघाट अरुण कुमार तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संकार्य तापस दासगुप्ता सहित संयंत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### डायरेक्टर इंचार्ज ने टीम के सभी सदस्यों को दी बधाई



अपने संबोधन में निदेशक प्रभारी श्री चित्तरंजन महापात्र ने कहा कि यह उत्कृष्ट उपलब्धि विभिन्न विभागों एवं अनुभागों के सामूहिक और समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कोक ओवन, सिंटर प्लांट, ओएचपी, आरएमडी, ऑक्सीजन प्लांट, इंस्ट्रूमेंटेशन, पीबीएस, आरसीएल, एसएमएस, टी एंड डी, आरईडी सहित सभी सहयोगी विभागों की भूमिका की सराहना करते हुए समस्त कर्मियों को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी।

यह सफलता ब्लास्ट फर्नेस–7 के शटडाउन के दौरान 7 प्रतिशत तक बढ़ाई गई ऑक्सीजन एनरिचमेंट, लगभग 26 प्रतिशत पैलेट्स के साथ बर्डन डिस्ट्रीब्यूशन के बेहतर अनुकूलन तथा प्रतिदिन 37 घंटे से अधिक के दीर्घकालिक टैपिंग संचालन के माध्यम से संभव हो सकी। यह उपलब्धि ब्लास्ट फर्नेस–8 कलेक्टिव के साथ-साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी संबद्ध विभागों के उत्कृष्ट समन्वय, तकनीकी दक्षता, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों का सशक्त प्रमाण है।

# संगीत और नृत्य स्पर्धा का समापन, 11 श्रेणियों में 120 कलाकार सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में आयोजित पांच दिवसीय खुली संगीत एवं नृत्य स्पर्धा का समापन समारोह 26 दिसंबर को हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार थे।

■ महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में हुआ आयोजन

आयोजित स्पर्धा में कुल 11 विभिन्न श्रेणियां शामिल रहीं, जिनमें प्रमुख रूप से हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन, कर्नाटक शास्त्रीय गायन, कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी सहित विभिन्न आयु वर्गों की नृत्य और संगीत शामिल थीं। इन सभी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 120 कलाकारों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र अपने कर्मियों के सर्वांगीण विकास तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को अभिव्यक्ति देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष सांस्कृतिक आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य कर्मियों एवं समाज में निहित प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें इस विधा में आगे बढ़ने के लिए सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। समापन समारोह का संचालन सुप्रियो सेन ने किया व धन्यवाद ज्ञापन प्रभंजय चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप महाप्रबंधक क्रीड़ा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक क्रीड़ा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं अभिजीत भौमिक, पीटी उल्लास कुमार, दुष्यंत हरमुख, सरजीत चक्रवर्ती तथा भालचंद्र शेगेकर का योगदान रहा।

# सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का मार्ग प्रशस्त करता है गुरु घासीदास का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

स्टेशन मरोदा विजय चौक, वार्ड क्रमांक 19 में संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास की जयंती उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जैत खाम, गुरु गद्दी की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास का संदेश मनखे-मनखे एक समान सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का मार्ग प्रशस्त करता है, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि बाबा गुरु घासीदास की जयंती हमें उनके आदर्शों और विचारों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, वार्ड पार्षद सोनिया देवांगन, रिसाली नगर निगम विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू, धर्मसिला देवी, शेष जांघड़े, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

■ गुरु घासीदास की जयंती समारोह में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर

# नौतनवा का समय और गोंदिया-बरौनी का मार्ग बदलने उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेलयात्री सेवा संघ की एक बैठक मोहम्मद सलीम अधिवक्ता, चौहान प्लाजा, जीई रोड, भिलाई के चेम्बर में रखी गई। जिसमें रेलयात्री सेवा संघ के सदस्य एवं अन्य लोगों ने अपनी भागीदारी दी और इस संबंध में अपने-अपने सुझावों को रखा।

बैठक में जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ के बैनर तले यह कुछ मांगे वर्ष 2011 से की रही है। इसमें जिन सांसदों, सांसद प्रतिनिधियों एवं विधायकों ने सहयोग किया। इनमें स्व. मोतीलाल वोरा, स्व. भजन सिंह निरंकारी, वाई के सिंह एवं प्रभुनाथ बैठा के प्रयासों को सराहा गया। जिनके अथक प्रयास से ही गोंदिया-बरौनी ट्रेन की सौगात मिली है साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेत्री सरोज पांडेय एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे का भी पूरा सहयोग एवं समर्थन मिला। छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेल यात्री सेवा संघ के द्वारा सभी लोगों के प्रयास को तहे दिल से आभार व्यक्त कर हाजी एम. एच .सिद्दीकी की अध्यक्षता में बैठक शुरू की गई। बैठक में दुर्ग गोरखपुर नौतनवा एक्सप्रेस 18201/18202 को नियमित रूप से प्रतिदिन चलाने की मांग हेतु प्रस्ताव रखा गया साथ ही मांग की गई कि इसका समय परिवर्तित कर शाम 4 बजे से पहले दुर्ग से चलाया जाए, जिससे लोगों के लिए यह ट्रेन और ज्यादा सुविधाजनक हो जाए।



■ छत्तीसगढ़ यूपी बिहार रेलयात्री सेवा संघ की बैठक में प्रस्ताव पारित

### गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस हफ्ते में तीन दिन बेल्थरा होकर चले

दूसरी मांग गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस 15231/15232 को सप्ताह में कम से कम तीन दिन वाया मऊ बेल्थरा, सलेमपुर, भटनी, मैरवा, सिवान और छपरा होकर चलाए जाने की रखी गई। इसे वापसी में भिलाई पावर हाउस स्टेशन पर भी स्टॉपेज दिया जाए। इन उपरोक्त मांगों के लिए उपस्थित लोगों का सुझाव आया कि पुनः एक पत्र रेल मंत्रालय एवं दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं वैशाली नगर क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन, भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों को इस मांग पत्र को दिया जाए ताकि अपने स्तर पर हम सब की मांगों को जनप्रतिनिधि उठाएं और इस मांग को रेल मंत्रालय के द्वारा पूरा कराने का प्रयास करें। इस बैठक में मुख्य रूप से हीरा लाल यादव, राम हरेन्द्र, विनोद कश्यप, वीपी शुक्ला,रामनारायण मिश्रा, सत्तार अहमद, शाहनवाज हुसैन, राजेश सिंह हरेन्द्र प्रसाद शाह अधिवक्ता और राहुल मौर्या सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच कर दी निःशुल्क दवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 की टीम ने चरोदा बस्ती और देव बलोदा सागर पारा में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-3 के बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से घनी आबादी वाले क्षेत्रों में स्क्रीनिंग करके गैर संचारी रोगों की प्रारंभिक अवस्था में चिह्नित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई। जिससे उपचार प्रारंभ कर रोकथाम, नियंत्रण व बचाव कर सकें।

स्वास्थ्य मेला में गैर संचारी रोग उच्च रक्तचाप, डायबिटीज,स्तन कैंसर, गर्भाशय का कैंसर ओर मुख कैंसर रोगों की स्क्रीनिंग करके प्रारंभिक अवस्था में चिह्नित कर उन्हें उच्च संस्थान में भेजने की व्यवस्था की जाती रही है। वहीं बुखार, सर्दी जुकाम, आंखों की समस्या, चर्म रोग और सामान्य अन्य रोगों का उपचार भी किया गया। जिसमें मेडिकल ऑफिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व संयोजक, लेडी हेल्थ विजिटर स्वास्थ्य सुपरवाइजर, कुष्ठ कार्यकर्ता और नेत्र चिकित्सा अधिकारी ने सेवाएं दी। दोनों शिविरों में 110 लोगों की स्क्रीनिंग करते हुए बीपी, डायबिटीज मरीजों को निशुल्क दवा वितरण की गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया डा शिखर अग्रवाल ने टेलीमेडिसिन के माध्यम से लोगों की जटिलता को सुनकर उनके लिए आगामी उपचार की सलाह भी दी है। इस दौरान एल एच व्ही आर विश्वास, एएनएम राज विजय लक्ष्मी देवीला चंद्राकर, वर्षा सुल्लेरे, शांता पाटिल, यशवंत साहू, जितेन्द्र पटेल, कुमेश साहू, एरिया समन्वयक मितानिन शमीम बानो, मितानिन प्रेरक सुनीता बिनिया और कांति विभोर सहित क्षेत्रीय मितानिन और वार्ड वासियों का सहयोग रहा।

## गौवंश के बेहतर उपचार और सुविधाओं के लिए शेड विस्तार के दिए निर्देश

# निगम आयुक्त ने किया कोसा नगर गौठान का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शनिवार को निगम क्षेत्र के अंतर्गत कोसा नगर गौठान का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गौवंश के लिए उपलब्ध सुविधाओं, चारे-पानी की व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। गौवंश की बढ़ती संख्या और सुविधा को देखते हुए आयुक्त ने जोन आयुक्त अजय राजपूत और कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को गौठान में शेड विस्तार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने गौवंश के स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद डॉ. जी एल बंजारे और गौसेवकों से चर्चा कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने हेतु सुझाव लिए। चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि इस गौठान के संचालन में स्थानीय गौसेवकों और समाजसेवियों का विशेष सहयोग प्राप्त होता है। आयुक्त ने इस सामाजिक सहभागिता की सराहना की।भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त अजय राजपूत, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी जोशी, पशुचिकित्सा विभाग से डॉ. जी एल बंजारे, गौसेवक संजय तिवारी एवं निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



# एबीयूएस की दुर्ग जिला कार्यकारिणी हुई भंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अखिल भारतीय उड़िया समाज प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी ने बताया कि दुर्ग जिला अध्यक्ष शंकर निहाल ने अपने कार्य व अन्य व्यवस्था के कारण समाज अपने पद से इस्तीफा है। इस दौरान जिले की सभी कार्यकारणी जिसमें, शहर, व समस्त मंडल खुर्सीपार की भी कार्यकारणी विधिवत भंग किया जाता हैं।

■ नए साल में विधिवत होगी घोषणा

आगामी नव वर्ष में नई कार्यकारणी की घोषणा किया जाएगा। इसमें सदस्यता अभियान के माध्यम नए सदस्यों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा समाज में हो रहे गतिविधियों की जानकारी समाज के हर घर घर तक पहुंच सके, जैसे कि शराब की पाबंदी, शिक्षा पर जोर, युवाओं को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित, पढ़े लिखे बेरोजगार युवा युवती को रोजगार के नए अवसर प्रदान की योजना। युवक युवती परिचय सम्मेलन के माध्यम से सामूहिक विवाह, कुछ बड़े अस्ताल में ओपीडी निःशुल्क जैसे कई अहम लाभकारी योजनाओ की जानकारी समाज के घर घर तक पहुंचेगा। ऐसे ऊर्जावान नए कार्यकारणी की जल्द विधिवत घोषणा की जाएगा।

## खबर संक्षेप

### युवक से तीन लोगों ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** तीन लोगों ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 13 लोडिंग क्वाटर राजहरा निवासी शेष कुमार वर्मा ने पुलिस को बताया कि राजहरा माइंस मे कोकलेन आपरेटर का काम करता हूं, 24 दिसंबर के रात्रि 09 बजे मैं अपने घर से बाहर सिगरेट पीने के लिये निकला था, मेरे घर के पास मे तीन लडके शेखर, कुणाल एवं एक अन्य लडका जिसका नाम नहीं जानता हूं, तीनो थे। उन्होने मुझे सिगरेट मांगा, मैं उन लोगो को सिगरेट दिया और सिगरेट पीने लगा, वे पडोस को गाली गलौज कर रहा था, तब मैं उन लोगो को गाली गलौज करने से मना किया तब वे तीनो मुझे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का व लात घुसा से मार रहे थे, एक लडका डंडा से मारा एवं अन्य हाथ मुक्का से मारने लगे जिससे मेरे बाये हाथ मे एवं दाहिन हाथ के अंगूठा मे चोंट लगा है, बीच बचाव करने निरपति वर्मा आई तो उसके गला को भी पकड लिये थे।

### 31 दिसंबर को तहसील स्तरीय गुरु घासीदास जयंती का आयोजन

**गुण्डरदेही।** तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही द्वारा 31 दिसंबर बुधवार को तहसील स्तरीय गुरु घासीदास जंयती मनाई जाएगी। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद होगे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले करेंगे। विशेष अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, कांति सोनेश्वरी, सोना देवी देशलहरा, सुशीला जोशी, विनय कुमार बंजारे, जपं अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, सेवक महिपाल, हेमलता देशलहरा, देविका बंजारे, दिनेश देशलहरा व युवराज मार्कंडेय भाजपा मंडल अध्यक्ष गुण्डरदेही रहेगे। वही दीप प्रज्वलन के अतिथि पवन जोशी, प्रेमदास टंडन, संजय जोशी, सुबेदास रात्रे, युआर बराहेन, पुनारद गेंड्रे व अशोक आडिल रहेगे। तहसील अध्यक्ष नीलकंठ टंडन ने समाज के सभी लोगो को कार्यक्रम मे शामिल होने अपील की है।

### हड़गहन में 31 को होगी ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

बालोद। ग्राम हड़गहन में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर को किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निशाद होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य बालोद गुलशन चन्द्राकर करेंगे। अतिथि जिला पंचायत सदस्य बालोद मीना साहू, अध्यक्ष तहसील साहू समाज अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, समाज सेवी डालचंद जैन, तुलसी देवांगन, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस अर्जुन्दा कोदूराम दिल्लीवार, पूर्व सरपंच हड़गह नंद कुमार साहू, तिलक देशमुख, विकाश जोशी, उपाध्यक्ष जिला भाजपा बालोद टिने"वर बघेल, पल्टु राणा, संतोश खरे, भूपत सिंह गोरे, कार्तिक राम गोरे, भरतलाल ठाकुर, पन्ना लाल साहू, ग्राम पटेल बलदेव प्रसाद, वेदलाल देवांगन, उपसरपंच चंदन देवांगन, पूर्व सरपंच नूतन खरे, पूर्व शिक्षक तुलाराम ठाकुर खेमेश्वर व ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

**प्रवचन : संगीतमय श्रीराम कथा प्रवचन में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु**

# राम नाम की मिश्री घोलकर पी लो जीवन धन्य हो जाएगा : पं. कामता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंडा स्थित ग्राम अछोटी, पोस्ट विनायकपुर, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन भजन कार्यक्रम का आयोजन भक्तिमय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और हरिनाम संकीर्तन का आनंद लिया।

कथा वाचन पं. कामता प्रसाद शरण द्वारा किया गया। कथा के अंतिम दिन रविवार को पंडित शरण ने भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास, मारुति नंदन हनुमान के जन्म सहित अनेक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि "श्रीराम नाम की मिश्री घोलकर पी लो, जीवन धन्य हो जाएगा। भगवान भाव के भूखे हैं, जो श्रद्धा और अंतरात्मा से उनका स्मरण करता है, वे उसके हो जाते हैं।"

पंडित शरण ने भगवान शिव की शक्ति एवं माता पार्वती की भक्ति को अद्वितीय बताते हुए कहा कि सनातन धर्म में नारी देवी स्वरूप है और उसका सदैव सम्मान किया जाना चाहिए। माता सीता के सम्मान एवं अपमान के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि स्त्री का अपमान करने वाले लंका नरेश रावण का कुल सहित नाश हुआ।

कथावाचक ने कहा कि हर किसी को भगवान की कथा सुनने का सौभाग्य नहीं मिलता। जो लोग श्रीराम कथा का श्रवण कर रहे हैं, वे अत्यंत भाग्यशाली हैं। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों और प्रसंगों से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और कई श्रद्धालु झूमते नजर आए।





**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग**

कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित भंडारे में 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन नवयुवक उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन में मधु साहू, लोकेश दिल्लीवार, प्रवीण दिल्लीवार, गोपाल सेन, भूपेन्द्र दिल्लीवार, मुरलीमनोहर देशमुख, खुमचंद कोशे, परषोत्तम धीवर, दयालुराम देशमुख, गिरीराज अमृत, दिलीप दिल्लीवार, खिलेंद्र कोशे सहित आसपास के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में गाली-गलौज व मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पहले पक्ष ग्राम बागतराई साहू पारा थाना पुरूर निवासी डोमार सिंह साहू 48 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 26 दिसंबर को शाम को ग्राम के ठेला के पास खड़ा था, गांव का चुड़ामणि साहू मेरे पास आकर विवाद करने लगा और हाथ मुक्के से मारपीट किया।

जिसके मारपीट करने से मेरे नाक व गाल में चोट आई है, मारपीट होता देख गांव के उप सरपंच सियाराम साहू पूर्व पटवारी घनश्याम साहू, व पूर्णानंद साहू, यशवंत साहू ने बीच बचाव किया है। पीडित की रिपोर्ट पर एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

दूसरे पक्ष ग्राम बागतराई निवासी भुनेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि 26 दिसंबर को रात्रि थाना से रिपोर्ट कर वापस मेरे कार क्रमांक सीजी 05 आर 0151 में मै व चुड़ामणी साहू, सियाराम साहू (उपसरपंच), नरेश साहू, कुलेश्वर साहू, अपने ग्राम बागतराई जा रहे थे, धमतरी बायपास ग्राम बागतराई जाने का मेन रोड़ के पास डोमार साहू, यशवंत साहू, गोलू उर्फ रूपेश, भोपसिंह, चौंतू राम सार्वा सभी बीच रोड़ मे बैठे थे, जिसको देखकर डरकर मैं वाहन रोक दिया, उसके बाद डोमार साहू मेरे पास आकर कांच खोलने बोला कांच खोलने पर डोमार साहू विवाद कर गाली गलौच करने लगा, जिससे मै डरकर अपने वाहन को आगे बढ़ा दिया, उन व्यक्तियो के द्वारा मेरे कार को पीछा करते हुये पत्थर व डण्डे से गाड़ी को पीटने लगे, जिससे मेरे वाहन का पीछला भाग का क्षति हुआ है, सभी हमारे पीछे आये और मुझे तथा चुड़ामणी साहू, कुलेश्वर साहू को रोड़ में पड़े पत्थर के टुकड़े तथा हांथ मुक्का से मारपीट करने लगे, डोमार साहू के द्वारा पत्थर के टुकड़े से मारने से मेरे बांयें तरफ आंख के पास चोट लगा है तथा चुड़ामणी के बांये हांथ के उंगली में चोट लगा है तथा कुलेश्वर साहू को हांथ मुक्का से मारपीट सभी किये हैं। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने छः लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 191(2), 296, 324(4), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वीबी-जी राम जी अधिनियम पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में 'व्हीबी– जी राम जी' अधिनियम के प्रति जागरूकता हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। 'विकसित भारत–रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण' 'व्हीबी– जी राम जी' के प्रचार–प्रसार एवं योजना के संबंध में जन जागरूकता के लिए विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।



विशेष ग्राम सभा के आयोजन के दौरान 'व्हीबी जी राम जी' अधिनियम के प्रावधानों, बढ़ी हुई रोजगार गारंटी तथा विकसित भारत 2047 के –ष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा और मार्गदर्शन दिया गया। अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं की मुद्रित प्रतियां भी वितरित की जाएंगी एवं विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों के लिए रोजगार के अधिकार को और मजबूत करता है। इसके अंतर्गत अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी–रोजगार की वैधानिक गारंटी मिलेगी। यदि मांग के बावजूद समय पर कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बेरोजगारी भत्ता देना राज्य सरकार की बाध्यता होगी। मजदूरी भुगतान में देरी होने पर प्रत्येक विलंबित दिन का मुआवजा भी दिया जाएगा। कार्य योजनाएं ग्राम सभा के माध्यम से तैयार होंगी, जिससे ग्राम स्तर पर निर्णय और पारदर्शिता बढ़ेगी। जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। फील्ड स्तर के कर्मचारियों की सेवाएं होंगी सुदृढ़

प्रशासनिक मद की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत की गई है, जिससे फील्ड स्तर के कर्मचारियों की सेवाएं सुदृढ़ होंगी। मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्य पूरी तरह सुरक्षित हैं और नए अधिनियम के लागू होने से रोजगार के अवसर और बढ़ेंगे। राज्य शासन इस अधिनियम के द्वारा ग्रामीण रोजगार, आजीविका, पारदर्शिता और पंचायत सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है जिससे ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनेंगे।

### बेलौदी में हुआ टमाटर प्रसंस्करण का प्रशिक्षण

जामगांव आर। संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र मर्रा के बीएससी चतुर्थ वर्ष के छात्र–छात्राओं ने अधिष्ठाता डॉ. अनिल वर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश परगनिहा के नेतृत्व में रावे कार्यक्रम के अंतर्गत टमाटर से कैचप एवं सॉस बनाने के प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रावे रेडी कार्यक्रम 2025 – 26 का ग्राम बेलौदी में संचालित है। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ. किरण कुमार नागराज द्वारा किया गया। जिनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को टमाटर प्रसंस्करण की तकनीक, उसकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने की विधियाँ, आवश्यक सामग्री, स्वच्छता, उपयोग, मापदंड तथा छोटे स्तर पर व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेषित करना था। ग्रामीणों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया और भविष्य में टमाटर आधारित उत्पादों के लघु उद्योग शुरू करने के प्रति उत्साह व्यक्त किया। कार्यक्रम में गाँव के कई उत्साही ग्रामीणों ने सहभागिता की। जिनमें प्रमुख रूप से इन्द्रजीत बघेल, पूर्णिमा, कल्पना वर्मा, केवरा वर्मा, फूलश्वरी, मनीषा वर्मा, अमीशा साहू, रतना, उमा, रेणुका, रामदुलारी, कन्हैया, रामबती, कृष्णा कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।

# बालोद में धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्थाओं से किसान हुए संतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के अन्नदाता किसानों के मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक संबलता प्रदान करने हेतु राज्य में लागू की गई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत खरीदी केन्द्रों की बेहतर व्यवस्था की बालोद जिले के किसानों ने सराहना की है। जिले के किसानों ने धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि टोकन जारी करने से लेकर नाप तौल तथा खरीदी की उत्तम एवं बेहतर व्यवस्था के फलस्वरूप हम किसानों को अपने धान की बिक्री करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो रही है। इसके अलावा धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके लिए शुद्ध पेयजल, छांव, शौचालय, तथा मेडिकल आदि की भी व्यवस्था की गई है। जिससे की किसानों को धान खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो रही है। राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु की गई व्यवस्था के फलस्वरूप गुरूर विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र पलारी के अंतर्गत ग्राम बोहारा के कृषक त्रिलोचन मटियारा को अपनी धान की बिक्री के 02 दिनों के उपरांत उनके खाते में राशि जमा हो जाने से किसान त्रिलोचन के खुशी का भी ठिकाना नही रहा। किसान त्रिलोचन ने राज्य शासन की इस बेहतर व्यवस्था की सराहना करते हुए धान खरीदी योजना को जनकल्याणकारी एवं किसान हितैषी योजना बताया। किसान त्रिलोचन मटियारा ने बताया कि टोकन जारी होने के बाद उन्होंने 24 दिसंबर को धान खरीदी केन्द्र पलारी में कुल 11 क्विंटल 20 किलो पतला धान की बिक्री की थी। उन्होंने बताया कि इसके पश्चात 48 घण्टे के बाद उनके खाते में पुरी राशि जमा हो गया। किसान त्रिलोचन ने कहा कि धान बिक्री के पश्चात इतनी कम अवधि में राशि का जमा होना उनके जैसे निम्न मध्यम वर्गएॅय किसान के लिए अत्यंत मददगार है। उन्होंने बताया कि उनके पास कुल आधा एकड़ कृषि भूमि है। जिस पर खेती किसान एवं मेहतन मजदूरी कर वे और उनका परिवार जीवनयापन करते हैं।

# मधुर साहित्य परिषद ने काव्य एवं विचार गोष्ठी का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मधुर साहित्य परिषद के तत्वावधान में श्रीराम मंदिर प्रांगण, डौंडी लोहारा में काव्य गोष्ठी एवं विचार गोष्ठी का भव्य एवं साहित्यिक आयोजन संपन्न हुआ। इस गरिमामय अवसर पर अंचल के अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकारों की सशक्त उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीरामचंद्र जी के चरण वंदन के साथ हुआ, जिससे वातावरण में आध्यात्मिकता एवं साहित्यिक चेतना का समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम में मधुर साहित्य परिषद, जिला बालोद के अध्यक्ष डॉ. अशोक आकाश ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्यकार समाज का दर्पण होता है। वर्तमान समय में सशक्त, संवेदनशील एवं सकारात्मक साहित्य सृजन की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने युवा वर्ग से साहित्यिक मंचों पर सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि साहित्य की दो प्रमुख विधाएँ—गद्य एवं पद्य—दोनों में संतुलित और प्रभावशाली लेखन समय की मांग है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जहाँ साहित्यकारों का रुझान अधिकतर पद्य की ओर है, वहीं गद्य विधा में भी



सशक्त सृजन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। विचार गोष्ठी के दौरान देव जोशी 'गुलाब' ने काव्य रचना की तकनीकी पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छंद, लय एवं मात्राओं का विशेष ध्यान रखने से ही कविता प्रभावशाली बनती है। डॉ. एस. एल. गंधर्व ने साहित्यिक मंच की गरिमा पर विचार रखते हुए कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने वाला और प्रेरणादायक होना चाहिए। वीरेंद्र अजनबी ने कविता में रस की अनिवार्यता पर बल देते हुए कहा कि रस के अभाव में कविता निष्प्राण हो जाती है। वहीं देवनारायण नगरिया ने साहित्यकारों को निरंतर लेखन करते रहने की प्रेरणा दी। काव्य गोष्ठी में सभी साहित्यकारों ने अपनी श्रेष्ठ रचनाओं का सस्वर पाठ किया। देवनारायण नगरिया ने संतों के समाज कल्याणकारी योगदान को कविता के माध्यम से स्मरण किया। डॉ. एस. एल. गंधर्व ने छत्तीसगढ़ी बोली में प्रस्तुत अपनी आत्मचिंतनपरक रचना से श्रोताओं को गहराई से सोचने पर विवश किया। डॉ. अशोक आकाश ने 'विधाता छंद' में रचित काव्य पाठ कर जीवन, सफलता और आत्मबोध के भावों को अभिव्यक्त किया। देव जोशी 'गुलाब' ने समकालीन समाज की जटिलताओं पर सारगर्भित रचना प्रस्तुत की। हर्षा देवांगन ने श्रृंगार रस से परिपूर्ण काव्य पाठ किया, वहीं वीरेंद्र अजनबी ने छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों की पीड़ा को ओजपूर्ण कविता के माध्यम से सशक्त स्वर दिया।कार्यक्रम के अंत में प्रस्तुत रचनाओं पर समीक्षात्मक चर्चा की गई।

# मुजगहन में एक दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

आदर्श कबड्डी दल व कर्मचारी प्रकोष्ट अखराभाठा मुजगहन के द्वारा एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाा। इस दौरान देश की सेवा मे लगे सैनिको का सम्मान किया गया। जिसमे 27 दिसंबर को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने किया। विशेष अतिथि जनपद सदस्य गुरूर संतोशी साहू सरपंच ग्राम पंचायत बोहारडीह राजेन्द्र कुमार साहू, उपसरपंच ग्राम पंचायत बोहारडीह तारा बाई मंडावी, ग्राम पटेल बेनी राम ओटी थे। अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कहा कबड्डी हमारे देश का प्राचीन खेल है, इससे सजगता, फुर्ती, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, बल व एकाग्रता का विकास होता है। हमारे प्राचीन खेल मात्र मनोरंजन के माध्यम नही थे, हमारे खेल हमे शरीरिक रुप से, मानसिक रुप से, स्वास्थगत रुप से मजबूत बनाने वाले है। रात्रि में समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षक प्रमुख जिला बालोद आदित्य सिंह पिपरे थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत बोहारडीह राजेन्द्र कुमार साहू ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत खर्रा बनवाली राम साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बोहारडीह दीपक राम ठाकुर, सेवानिवृत्त सहायक विकास विस्तार अधिकारी शिवचरण यादव, सेवानिवृत्त सैनिक राकेश साहू उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष पीतांबर श्रवण, उपाध्यक्ष अजय श्रवण, कोशाध्यक्ष संतराम श्रवण, सचिव मुकेश अड़िल, संरक्षक रेखराम ओटी, गुलझारी श्रवण, शिवचरण यादव, थानू राम अड़िल व ग्रामीण उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम भोथली तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरपंच ग्राम पंचायत भोथली जनपद पंचायत गुरूर द्वारा ग्राम भोथली तहसील गुरूर में परिवार विभाजन एवं जनसंख्या में वृद्धि होने के कारण आबादी भूमि की अत्यंत आवश्यकता है। इस कारण ग्राम भोथली प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. धनेली तहसील गुरूर जिला बालोद स्थित शासकीय घांस भूमि ख.नं. 941, 1042, 1043 एवं 1044 रकबा क्रमशः 2.96, 0.40, 7.31, 0.31 हे. में से क्रमशः 1.20, 0.40, 1.60, 0.31 हे. भूमि को आबादी घोषित किये जाने हेतु आवेदित भूमि का नक्शा खसरा, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव एवं ग्राम सभा की अनुमोदित प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 05/01/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार गुरूर

## पेज 9 के शेष...

### खुंदनी सेवा सहकारी...

इससे छोटे किसान भी समय पर धान बेच पाते है। ग्राम खुंदनी के किसान गणेश्वर साहू बताते है कि ग्रामीणों की व्यवस्था से किसानो को टोकन के लिए समिति के चक्कर नही लगाया पड़ता, मोबाईल में घंटो बर्बाद नही करना पड़ता।

ग्राम नरबदा के किसान थानेश्वर साहू ने बताया इस व्यवस्था से समिति में भी धान विक्रय में आसानी होती है, कोई विवाद की स्थिति नही होती।

खुंदनी समिति में धान विक्रय करन वाले क्षेत्र की जनपद सदस्य संध्या अजेन्द्र साहू ने बताया यह व्यवस्था बीते चार सालो से है। धान कब बिकेगा, इसकी जानकारी रहने से किसान अन्य कार्य मे अपना समय लगाता है, इससे किसान का समय, धन बचता है एवं किसान उस बचे हुए समय का सदुपयोग अन्य कार्य मे लगाता है। इससे आर्थिक विकास होता है। ऐसी व्यवस्था सभी समितियो में किसानो को करनी चाहिए।

ग्राम अकलवारा के किसान एवं नगर पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रदीप साहू कहते है किसानों की व्यवस्था का हम सभी किसान पालन करते है। इससे कार्य आसान हो जाता है।

### तामसिंह राष्ट्रीय ...

के विभिन्न राज्यों से चयनित 21 शिक्षकों को शिक्षाशिल्पी सम्मान ,8 शिक्षकों को शिक्षा शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। व्याख्याता पारकर को शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान, शिक्षा में नवाचार, समर्पित सामाजिक सेवा, विशिष्ट सांस्कृतिक तथा साहित्यिक कार्य के लिए छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण 2025 प्रतिष्ठा से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी राष्ट्रीय शिक्षा शिल्पी अवार्ड, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा रत्न, राधाकृष्णन शिक्षा अवार्ड ,संत गाडगे लोक शिक्षक सम्मान,जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण शिक्षा रत्नों से सम्मानित होकर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य तथा बालोद जिले को गौरांवित किया हैं।

उनके इस उपलब्धि पर मधुलिका तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, प्राचार्य सुनीता यादव, प्रवीण कुमार चतुर्वेदी विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी, सच्चिदानंद शर्मा बीआरसीसी डौंडी, संजय बेस पूर्व जनपद सदस्य कुसुमकसा, योगेंद्र कुमार सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा, मंजू बेस जनपद सदस्य कुसुमकसा,डॉ भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, सरपंच वेद बाई पिस्दा, उप सरपंच नितिन जैन, अनिल सुथार, मनीष जेठवानी, डॉक्टर नसीम खान, नईम कुरैशी, पंकज जेठवानी, पीटीआई लक्ष्मण गुरुग, शेष कुमार कोसमा तथा समस्त व्याख्यातागण और मित्रों ने उज्जवल हर्ष जाहीर करते हुए शुभकामना दी है।

### भाजपा युवा मोर्चा...

कथा वाचन के प्रति जनता की आस्था बढ़ रही है और गांव–गांव से लेकर शहरों तक लोग पंडित प्रदीप मिश्रा और बागेश्वर धाम के कार्यक्रमों में उमड़ रहे हैं। हमें गर्व है कि धीरेन्द्र शास्त्री ने सनातन धर्म को जागृत करने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मांतरण मामलों में शामिल लोगों से मुलाकात कर उन्हें संरक्षण देना कांग्रेस की दोहरी नीति को उजागर करता है। पुतला दहन कार्यक्रम में उपाध्यक्ष नगर पालिका कमलेश सोनी, आदित्य पिपरे, संजय साहू, रौनक कतयाल, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा गुलशन साहू, अनुप देशमुख, महेश पाठक, बंटी बाफना, सौरभ जैन, अभिन्न यादव, कमल बजाज, राहुल साहू, लवन साहू, आशुतोष, रजत, संतोष जसूजा,लुमेश, बल्लू, धनंजय, मयंक, देवेन्द्र गोमेनद देशमुख सहित युवा मोर्चा और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ग्राम टेकवाडीह में...

जब वह डगमगाया, तब गीता का ज्ञान दिया गया। यह बताता है कि जीवन में परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन हों, धैर्य और कर्तव्य को नहीं छोड़ना चाहिए। भागवत कथा स्वगएॅय दयाराम साहू एवं लीलाबाई की स्मृति में ईश्वर लाल साहू, गंगा साहू द्वारा किया जा रहा था। कथा में बृजराज साहू, लता साहू, भीषम साहू, मोनिका साहू, गुलशन तारिणी साहू, सुनील भारती, देवेंद्र, भावना, शेखर, रुची दुलार गंजीर, रूपेश कलिहारी, नरोत्तम साहू, सूर्यकांत साहू, बाबूलाल साहू, मदन मोहन साहू, सुग्रीव साहू एवं समस्त ग्रामवासी का सहयोग रहा।

### ट्रैक्टर के पहिए और...

देखा था, 25 दिसंबर के सुबह करीबन 08 बजे जाकर देखा तो मेरा ब्यारा के लोहे के गेट में लगे ताला को तोड़कर चोर अंदर घुसकर ट्रेक्टर के इंजन का सामने का दोनों पहिया व बैटरी, साइलेंसर, सेल्फ, एयर क्लिनर जिसकी कीमत 40,000 रूपए होती है को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, जिसका पता तलाश गांव एवं आसपास में किया, कोई पता नहीं चला।

### 75 वर्षीय तुलाराम...

कि समाज को उन्नत बनाने में निःशुल्क समाजसेवा करने वाले समाजसेवियों का प्रत्येक कार्य ईश्वरीय कार्य बन जाता है। इस 75 साल की उम्र में जो भी कार्य हो पाता है वह ईश्वर प्रदत उपहार है। कर भला तो हो भला का कर्म सिद्धांत का लाभ भी मुझे मिल रहा है। श्री वर्मा ने कहा कि हम अपने जीवन में घटना को घटित होते देख रहे है कि आप दुसरो का भला करे आपका भला होना तय है किसी का बुरा करके अपना भला हो जाने का सोचना भी बेमानी है व्यर्थ है ना समझी है। सासंद खेल महोत्सव में प्रथम सम्मान मिलने पर योग समिति पाटन ब्लॉक अध्यक्ष लालाराम वर्मा, संरक्षक आसकरण जैन, कामताप्रसाद साहू, योग विद्या एक्सपर्ट रामावतार चंद्राकर, महेंद्र साहू, रोमलाल साहू, डॉ गुलाब साहू, वाईके साहू, नरेंद्र धरमगुड़ी, हलधर महमल्ला, ढालसिंह साहू, वासु साहू, संतोष यादव, कनक साहू, भुवन साहू, धामिन साहू, मिथिलेश कुमार साहू, मुकेश कुमार साहू, उत्तम रिगरी ने हर्ष व्यक्त किया।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**खबर संक्षेप**



## सिर्राभांटा में तीन दिवसीय भजन संकीर्तन कार्यक्रम आज से

**लाटाबोड़।** ग्राम सिर्राभांटा (हल्दी) में हरिनाम संकीर्तन भजन का तीन दिवसीय आयोजन 29 दिसंबर से 31 दिसंबर तक किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम ग्राम के विष्णु–लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा। आयोजन की जानकारी देते हुए आयोजक राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि हर दिन कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध व्याख्याकार एवं कथावाचक कामता प्रसाद शरण जी (कुड़ेरादादर) द्वारा हरिनाम संकीर्तन एवं भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर हरिनाम संकीर्तन का लाभ लेने की अपील की है।

## महाविद्यालय गुरुर में मशरूम कल्चर कार्यशाला का आयोजन किया गया



**गुरूर।** स्व.डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा मशरूम कल्चर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मशरूम की खेती संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों ने मशरूम कल्चर तकनीक के विभिन्न चरणों जैसे कम्पोस्टिंग, स्पॉनिंग, कास्टिंग इत्यादि को स्वयं प्रयोग करके बारीकी से सीखा। साथ ही मशरूम के पोषण महत्व को भी जानने का प्रयास किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. के.एल.रावटे एवं प्राध्यापक गण उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.टी.एस.साहू के द्वारा किया गया।

## ग्राम गोरकापार में 8 जनवरी से मड़ई व 9 को मानसगान सम्मेलन

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी गोरकापार (चीचा) के तत्वावधान में 8 जनवरी को भव्य मंडाई मेला एवं तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन 9 से 11 जनवरी को रखा गया है। मंड़ई के अवसर में रात्रि काली 10:00 बजे साल्हे टोला का नाच पार्टी रखा गया है, यह जानकारी उदला साहू ने दी।

## सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है भागवत

**दुर्ग।** ग्राम तिरगा, अंजोरा ख और मटंग में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने व्यास पीठ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की।

### आयोजन : हिंदू समाज के संगठन, उत्थान और जागरूकता पर हुआ विचार-विमर्श

# ग्राम मोहंदी पाठ में विशाल हिंदू सम्मेलन, 27 गांवों से हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

विकास खण्ड गुण्डरदेही के ग्राम मोहंदी पाठ में विराजित सिद्ध न्यासपीठ बाबा मोहंदी पाठ मंदिर प्रांगण बाजार चौक में हजारों की संख्या में विशाल हिंदू सम्मलेन में 27 गांव के ग्रामीण, युवा, महिला, पीले, भगवा रंग मे पहुंच कर आयोजन को सफल किए।

जिसमें सर्व समाज के प्रमुख पहुंचे, सर्व प्रथम मां भारती की सामूहिक महाआरती उतार कर भारत माता के जय घोष के साथ कलश लेकर रैली भ्रमण कर पूरे जोश में रैली हुई, जिसमे विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि पूज्य संत बालक दास पाटेश्वर धाम जामडी पाठ से पहुंचे। उन्होने सम्मेलन में कहा हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, हिंदू उत्थान, संपूर्ण हिंदू समाज के संगठन तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बताए गए पांच सामाजिक परिवर्तन के विषयों पर गंभीरता से विचार–विमर्श किया गया, लगातार धर्मांतरण, मनंमा तरण के खाई में गिर रहे, बांग्लादेशी घुसपैठ कर रहे, समय रहते जागे,





हम अपने से जुड़े, एकता के साथ एक संगत, एक रंगत, एक पंगत की रीति नीति से एक साथ कदम से कदम मिलकर हिन्दू अपनी शक्ति को पहचाने, वही वही आयोजन में जितेंद्र शम्भु ने कहा गौ माता की सेवा व रक्षा का संकल्प लेवे।

सम्मेलन में खण्ड अध्यक्ष मोहंदी पाठ पवन सोनवर्षा ने जय श्री राम की जय घोष करते हुए कहा कि हिंदू समाज की एकता, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्रहित में संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन के दौरान समाज को जागरूक कर आपसी सहयोग, संगठन को मजबूत करने की बात कही, वही मंच में संयोजक ग्रविंदनाथ साहू ने सफल आयोजन पर सभी का आभार जताया। इस अवसर पर मुकेश साहू मंच व्यवस्था ने किया।

### मंडल पुरूर में संघ शताब्दी वर्ष का विराट हिंदू सम्मेलन हुआ



**गुरूर।** मंडल पुरूर में संघ शताब्दी वर्ष के नियमित विराट हिंदू सम्मेलन 27 दिसंबर को मातृ शक्तिया कलश धारण कर शोभा यात्र के साथ मनाया गया। हिन्दु सम्मेलन मे 11 ग्रामों की सर्व हिन्दू समाज हुए शामिल पुरूर, चिठोद, आनंदपुर, मुडखुसरा, बोरिदकला, जगतार, चंदनबिरहि, बागतराई, आमापानी, बालोदगहन, नैकुरा सर्व हिन्दू, समाज प्रमुख ग्राम प्रमुख जन में उपस्थित थे। जिसमें मुख्य वक्ता विभाग बौद्धिक प्रमुख राजनांदगांव रूपेंद्र सिन्हा, ब्रह्मकुमारी आश्रम धमतरी मातृ शक्ति बहन प्रजाकता, वरिष्ठ समाज सेवक गुरुर नंदकिशोर शर्मा थे। मुख्य वक्ता रूपेंद्र सिन्हा ने सामाजिक चेतना हिन्दू संगठन एवं पंच परिवर्तन के साथ समाज के प्रति लोगों के कर्तव्यों को जागृत किया। वक्ताओं ने कहा विदेशी ताकतों ने देश को बांटने हिन्दु को जाति में बांटा, जबकि समातन संस्कृति मे जाति व्यवस्था नही है। कर्म के अनुसार कार्य प्रणाली थी। इतिहास साक्षी है, दलित, क्षत्रीय, वै"य व अन्य वर्ग से भी सनातन मे महान ऋशी हुए है जिन्होने सनातन को कई बड़े ग्रंथ दिए है। सनातन का मार्ग मजबूत किया है। सनातन अपनी ऋशी व गुरुकुल परंपरा के कारण ही सैकड़ों साल की गुलामी के बाद भी मजबूती से खड़ा है। लेकिन आज हमे जात पात मे बांटकर हमारी ताकत को कमजोर किया जा रहा है। न कोई जात छोटी है, न कोई जात बड़ी है। सब मानव एक समान है। सनातन कर्म प्रधान है। जिसमें विभाग कुटुम्ब प्रबोधन संयोजक राजनांदगांव निर्मल कुमार साहू, खंड कार्यवाह सुपेश साहू, सह खंड कार्यवाह लिकेश हिंदू, महंत राम राजपुरिया, संयोजक द्वारिका कटेंद्र, वेदप्रकाश कटेंद्र, आनंदराम सोनबरसा, मिथलेश साहू, सुरेंद्र साहू, राकेश सिन्हा एवं अधिक संख्या में मानस जन उपस्थित रहें। इस दौरान चिटोद एवं रुद्री मानस परिवार की सुमधुर प्रस्तुति से पंडाल झूम उठा भारत माता कि आरती के साथ आयोजन संपन्न किया गया।

# ग्राम कोचवाही में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

ग्राम कोचवाही में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गुरुर कौशल्या भोजराज चंद्रवंशी थी। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कोचवाही भुवनेश्वरी यादव ने किया। मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत पोंड़ हेमलता चोरमार, ग्राम पटेल विष्णु ठाकुर, भगतराम बढ़ई, जवाहर मंडावी, सहदेव मंडावी सहित समस्त पंचगण थे। प्रतियोगिता में प्रथम चिटौद, द्वितीय साले भाट एवं तृतीय बेलोदा रही।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य कौशल्या चंद्रवंशी ने कहा कि खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है, इसलिए जीवन में खेलों का अत्यधिक महत्व है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आह्वान किया कि हार–जीत से ऊपर उठकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

## राज्य स्तरीय महिला कबड्डी, खो-खो व मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन कल

**अंडा।** शहीद वीर भगतसिंह खेल क्लब आलबरस एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम आलबरस, जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) में राज्य स्तरीय महिला कबड्डी, खो-खो एवं मैराथन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह खेल महोत्सव 30 दिसंबर 2025, मंगलवार को आयोजित होगा, जिसमें प्रदेशभर से महिला एवं पुरुष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है। प्रतियोगिता को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और आयोजन समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों, खेलप्रेमियों एवं आसपास के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। यह प्रतियोगिता न केवल खेलों को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगी। यह जानकारी सरपंच भुवन लाल देशमुख व पंचायत सचिव शेष नारायण ने दी।

## डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड ब्रिज कोर्स कराने की मांग की

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री, पंकज अरोड़ा अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद, सचिव शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़, संचालक एससीईआरटी छत्तीसगढ़ व संचालक, लोक शिक्षण संचानालाय छत्तीसगढ़, को पत्र लिखकर शिक्षकों के प्रमोशन के लिए डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड के 'ब्रिज कोर्स' हेतु प्रावधान बनाते हुए ब्रिज कोर्स कराने की मांग की है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2019 में व्याख्याता पदोन्नति हेतु प्रशिक्षित स्नातकोत्तर का प्रावधान किया गया था, जिसके तहत बीएड या डीएड या समकक्ष शिक्षक भी पदोन्नति की पात्रता रखते थे, किन्तु एनसीटीई के प्रावधान के आधार पर माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद केवल बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है, इससे हजारो डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित हुए है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला बालोद अध्यक्ष दिलीप साहू, जिला संयोजक बीरबल देशमुख, डौंडीलोहारा ईकाई ब्लाक अध्यक्ष अविनाश साहू, प्रदेश आई टी सेल प्रभारी शिवेन्द्र बहादुर साहू, उपाध्यक्ष बृजमोहन मानिकपुरी, मनीष कुमार देशमुख, सचिव विजय पटेल, जिला संगठन सचिव रविन्द्र नाथ योगी आदि ने कहा है कि छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेश के हजारों डीएड, डीपीई, बीटीआई या समकक्ष प्रशिक्षित शिक्षक प्राथमिक सहायक शिक्षक व पूर्व माध्यमिक शिक्षक पद पर कार्यरत हैं।

# रेंगाडबरी में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में 30 युवाओं ने लिया भाग

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा के मार्गदर्शन में रविवार को वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में एक दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 30 युवाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शिविर को संबोधित करते हुए युवा वक्ता विरेंद्र कुमार बघेल ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक क्षेत्रों में नैतिकता और चारित्रिक मूल्यों की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, जिसके कारण अनाचार, भ्रष्टाचार एवं वैमनस्य जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इतिहास साक्षी है कि सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक क्रांतियों में युवाओं की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। आज भी समाज के नवनिर्माण के लिए विवेकानंद, महर्षि दयानंद, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप, सुभाषचंद्र बोस, महात्मा गांधी, राजगुरु, सुखदेव एवं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे आदर्श व्यक्तित्वों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। युवा वक्ता पीलू राम साहू ने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण के लिए चिंतन, चरित्र और व्यवहार का परिष्कार आवश्यक है। साधना, स्वाध्याय, संयम एवं सेवा जैसे तत्वों से जुड़कर ही संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास संभव है। वरिष्ठ प्रज्ञा पुत्र कैलाश नाथ साहू ने युवाओं से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नारी जागरण, कुरीति उन्मूलन एवं व्यसन मुक्ति जैसे आंदोलनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "हम सुधरेंगे- युग सुधरेगा, हम बदलेंगे- युग बदलेगा।"कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार के युवा कार्यकर्ता डोमार सिंह नायक, मन्नूलाल प्रधान, मंगल सिंह लारिया, शंकर लाल भुआर्य, चिंताराम साहू, शिवप्रसाद घोड़ा पटिया सहित अन्य परिजनों का विशेष योगदान रहा।





# मोदी के मन की बात का कार्यकर्ताओं ने सामूहिक श्रवण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंदखुरी में आज वर्ष के अंतिम मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, जनभागीदारी से जुड़े पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लीकेश्वर देशमुख अंडा निकुम भाजपा मंडल अध्यक्ष, राजू चंद्राकर अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, डोमन चंद्राकर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति चंदखुरी, भूपेन्द्र साहू भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य, पोषण देवांगन विधायक प्रतिनिधि, संजय बघेल, सुशील देवांगन, बूथ अध्यक्ष, किशन यादव पूर्व पंच, घनश्याम साहू (पंच) सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रहित, सामाजिक सरोकार, युवाओं की भूमिका एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर रखे गए विचारों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। उपस्थित जनों ने मन की बात को प्रेरणादायी बताते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक इसके संदेश को पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आपसी संवाद करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने पर चर्चा किया गया।

## कलार समाज का पारिवारिक मिलन समारोह व युवक-युवती परिचय सम्मेलन 4 जनवरी को

**कुसुमकसा।** छत्तीसगढ़ कलार समाज मंडल डोंडी–दल्लीराजहरा के तत्वाधान में पारिवारिक मिलन समारोह 2026 एवं युवक–युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 4 जनवरी, रविवार को सुबह 8 बजे से शिल्प ग्राम किल्लेकोडा (कुसुमकसा) में किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम में ओमप्रकाश गजेन्द्र (संरक्षक कलार समाज, जिला बालोद) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में चमन सिन्हा (जिलाध्यक्ष कलार समाज, जिला बालोद), चंद्रहास सिन्हा, हरदेवलाल सिन्हा एवं घनश्याम सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश्वर सिन्हा मंडलेश्वर (छत्तीसगढ़ कलार समाज, तहसील डोंडी) करेंगे। वहीं दिनेश सिन्हा, मिलन सिन्हा, रोशन सिन्हा, चंदन सिन्हा, कंवल सिन्हा, बिसरू राम सिन्हा, लीला डडसेना, निर्भयराम भंडारी, हेमलता विश्वकर्मा एवं डॉ. बी.एल. साहसी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

मंडलेश्वर कमलेश्वर सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ माता बहादुर कलारिन के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। तत्पश्चात भोजन अवकाश रखा गया है।

### कथा श्रवण से भक्तिमय हुआ वातावरण

# श्रीमद् भागवत कथा में श्रीराम-कृष्ण जन्म प्रसंग पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बस स्टैण्ड बस्ती रोड, गांधी नगर अण्डा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत दिनांक 28 दिसंबर को श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म का दिव्य प्रसंग श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कथा के कथावाचक पं. डॉ. दिग्विजय शर्मा ने श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के अवतार का सुंदर वर्णन करते हुए बताया कि भगवान का जन्म अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए होता है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन आदर्श, त्याग और सत्य का प्रतीक है, वहीं श्रीकृष्ण की लीलाएं प्रेम, कर्म और भक्ति का संदेश देती हैं।

इस अवसर पर परायणकर्ता पं. सत्यम शर्मा द्वारा विधिवत शास्त्रोच्चारण एवं भागवत पाठ किया गया, जिससे कथा स्थल पर आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्म की लीलाओं को सुनकर भाव-विभोर हो उठे। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई। कथा स्थल पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन, प्रवचन एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम के आयोजन में प्रमुख रूप से दीनदयाल साहू, दुखीन बाई साहू, घनश्याम साहू, हेमलता साहू, रोशन साहू, मीना साहू, रेखलाल साहू, पुष्पी साहू, कुंवरिया साहू, कामता साहू, नीता साहू, रामनाथ साहू कौशिल्या साहू, बिरेन्द्र साहू माधुरी साहू, प्रशांत साहू, निशा माहू, पल्लवी माहू,राहुल साहू,राकेश साहू,कुशुमलता साहू,सुनिधि साहू, प्रखर साहू, गौरांगी साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे। आयोजकों ने आगामी दिनों में होने वाले बाललीला, गोवर्धन पूजन, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र एवं गीता व्याख्यान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।





## श्री राम कथा व मानस यज्ञ का हुआ आयोजन

**गुरूर।** गायत्री परिवार भेजामैदानी द्वारा सप्त दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा एवं मानस यज्ञ का आयोजन 22 से 28 दिसंबर तक बाजार चौक भेजा मैदानी में किया गया। जिसमें कथा वाचक यज्ञवीर पंडित ओमप्रकाश ठाकुर थे। जिसमें 21 दिसंबर को दोपहर 2 बजे मंगल कलश यात्रा निकाला गया। 22 से 27 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से वेदिका पूजन, देव आव्हान, मानस परायण एवं यज्ञ का आयोजन व 10:30 बजे से 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक कथा संपन्न हुआ। जिसमें 28 दिसंबर का पांच कुण्डीय यज्ञ पूर्णाहूति, महाभंडारा एवं बिदाई का आयोजन किया गया।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक